दिन–रविवार                                                    दिनांक– 17 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।                                                    अवधिः– 05 मिनट

---

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि टीआरई फोर भर्ती परीक्षा के लिए जल्द अधिसूचना जारी की जायेगी। श्री तिवारी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश के अनुसार ही भर्ती प्रक्रिया की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग ने परीक्षा आयोजन को लेकर तैयारी लगभग पूरी कर ली है।

———————————————————————————

प्रदेश में जनगणना के पहले चरण के तहत मकानों की गिनती और उनके सूचीकरण का कार्य सूचारू रूप से चल रहा है। सूची तैयार करने के लिए घर के सामानों, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों का विवरण जुटाया जा रहा है। गणना कार्य को प्रभावी और पारदर्शी  बनाने के लिए विभिन्न जिला प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। इसके माध्यम से लागों की शिकायतों, और आपत्तियों का निष्पादन भी किया जा रहा है। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया कि जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी विनोद दूहन ने लोगों से जनगणना कार्य में बढ़–चढ़ कर भागीदारी की अपील की है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की इकतीस तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौतीसवीं कड़ी होगी। श्रोता टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। ये सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से भी दिए जा सकते हैं। आप एक नौ दो दो पर मिस्ड कॉल देकर और एस.एम.एस. से प्राप्त लिंक से भी सीधे प्रधानमंत्री को सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव उनतीस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

————————————————————————————

देश का प्रमुख औद्योगिक संस्थान अडानी समूह ने सारण जिले के मस्तीचक में आज अखंड ज्योति आंख अस्पताल के निर्माण की नींव रखी। इस अवसर पर आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में समूह के प्रमुख गौतम अडानी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। श्री अडानी ने कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों को अंधापन और दृष्टि दोष से मुक्त करने के लिए उनका समूह संकल्प के साथ कार्य कर रहा है।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नालंदा जिले के राजगीर में मलमास मेले का शुभारंभ किया। यह मेला पन्द्रह जून तक चलेगा। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री चौधरी ने कहा कि सनातन धर्म के तैंतीस करोड़ देवी देवता एक माह के लिए राजगीर में प्रवास करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को मलमास मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सूविधा दिये जाने के निर्देश दिये हैं। राजगीर तीर्थ रक्षार्थ पंडा समिति के सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष करीब आठ लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इधर, प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए नौ सौ पचास दंडाधिकारी की निगरानी में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई।

————————————————————————————

पछुवा हवा के प्रभव से प्रदेश के अधिकांश भाग में उमस के साथ तेज गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतर स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी दर्ज किये जाने की संभावना है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, पूर्वी चंपारण और शेखपुरा जिलें में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, मौसम विभाग ने सूपौल, अररिया, किशनगंज समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान भी जताया है।

———————————————————————————

और अब, एक महत्वपूर्ण सूचना—

———प्रोमा———

———————————————————————————

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक सौ उनचास बोतल नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

रोहतास जिले में कल से पच्चीस मई तक लगने वाले जनजातिय गरीमा उत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में है। जिलाधिकारी उदीता सिंह ने तैयारियों की समीक्षा की।

———————————————————————————

बाल्मिकीनगर के सांसद सुनील कुमार ने आज पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया प्रखंड अंतर्गत सिकरहना नदी पर बन रहे पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से निर्माण की तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी ली।

———————————————————————————

समाप्त